उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग,

आयोग भवन, हरिद्वार
पिन कोड– 249404
Website: www.psc.uk.gov.in

संख्या : **77/04/E-3 /R.I.(Tech.)/2021-22** दिनांक : 21 जून, 2023

<u>विज्ञप्ति</u>

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा **'सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) परीक्षा–2022'** हेतु प्रकाशित हेतु विज्ञापन सं0– A-2/E-3/R.I.(Tech)/2021 दिनांक 07 जून, 2022 के सापेक्ष दिनांक 19 अप्रैल, 2023 को आयोजित स्क्रीनिंग परीक्षा का परिणाम दिनांक 29 मई, 2023 को घोषित किया गया है।

2– उक्तांकित स्क्रीनिंग परीक्षा में सफल घोषित अभ्यर्थियों से मुख्य (लिखित एवं प्रायोगिक) परीक्षा हेतु परीक्षा शुल्क प्राप्त किया जाना है। स्क्रीनिंग परीक्षा परिणाम में सफल घोषित अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रक्रियानुसार मुख्य (लिखित एवं प्रायोगिक) शुल्क जमा करना अनिवार्य है। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट www.psc.uk.gov.in पर दिये गये लिंक का प्रयोग करते हुए मुख्य (लिखित एवं प्रायोगिक) परीक्षा हेतु निर्धारित प्रक्रियानुसार परीक्षा शुल्क जमा करें।

3– मुख्य (लिखित एवं प्रायोगिक) परीक्षा हेतु परीक्षा शुल्क से संबंधित महत्वपूर्ण तिथियां निम्नवत् हैं :–

मुख्य परीक्षा हेतु परीक्षा शुल्क Net Banking/ Debit Card/Credit Card द्वारा जमा करने की प्रारम्भिक तिथि	26 जून, 2023 (सोमवार)
मुख्य परीक्षा हेतु परीक्षा शुल्क Net Banking/ Debit Card/Credit Card द्वारा जमा करने की अन्तिम तिथि	10 जुलाई, 2023 (रात्रि 11:59:59 बजे तक) (सोमवार)

नोट :– 1. मुख्य (लिखित एवं प्रायोगिक) परीक्षा हेतु परीक्षा शुल्क Net Banking/ Debit Card/Credit Card के माध्यम से ही स्वीकार्य होगा।

2. अभ्यर्थी द्वारा मुख्य (लिखित एवं प्रायोगिक) हेतु निर्धारित प्रक्रियानुसार परीक्षा शुल्क जमा न करने की दशा में अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाएगा।

4— श्रेणी / उपश्रेणीवार मुख्य परीक्षा शुल्क निम्नवत् हैः—

क्र0सं0 (Sr. No.)	श्रेणी (Category)	परीक्षा—शुल्क (Exam Fees)	प्रोसेसिंग शुल्क टैक्स सहित (Processing Fees with Tax)	कुल शुल्क (Total Fees)
01.	अनारक्षित	रू0 150	रू0 26.55	रू0 176.55
02.	उत्तराखण्ड अन्य पिछड़ा वर्ग	रू0 150	रू0 26.55	रू0 176.55
03.	उत्तराखण्ड अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति	रू0 60	रू0 26.55	रू0 86.55
04.	उत्तराखण्ड आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग	रू0 150	रू0 26.55	रू0 176.55
05.	उत्तराखण्ड राज्य में संचालित स्वैच्छिक / राजकीय गृहों में निवासरत अनाथ बच्चे	कोई शुल्क नहीं	कोई शुल्क नहीं	कोई शुल्क नहीं

नोट : उत्तराखण्ड के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित / उत्तराखण्ड महिला / उत्तराखण्ड पूर्व सैनिक अभ्यर्थी जिस वर्ग या श्रेणी, यथा— सामान्य श्रेणी या अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के हों, उन्हें उसी वर्ग / श्रेणी हेतु निर्धारित शुल्क जमा करना होगा।

5— स्क्रीनिंग परीक्षा में सफल घोषित अभ्यर्थियों को आयोग की वेबसाइट www.psc.uk.gov.in पर दिये गये लिंक का प्रयोग करते हुए मुख्य परीक्षा शुल्क Net Banking/ Debit Card/Credit Card द्वारा जमा करना है।

6— प्रश्नगत चयन के इस चरण में अभ्यर्थी ऑन लाइन आवेदन पत्र का प्रिंट आउट, शैक्षिक व आरक्षण संबंधी प्रमाण पत्र एवं अन्य अभिलेख आयोग को प्रेषित न करें। मुख्य (लिखित एवं प्रायोगिक) परीक्षा तिथि एवं परीक्षा केन्द्र की सूचना पृथक से दैनिक समाचार पत्रों एवं आयोग की वेबसाईट पर विज्ञप्ति के माध्यम से प्रसारित की जायेगी।

Sd/-
(अवधेश कुमार सिंह)
प्रभारी सचिव।